# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**PROGRAMME FOR ANNUAL SECONDARY & INTERMEDIATE ARTS, SCIENCE & COMMERCE THEORY/PRACTICAL EXAMINATION, 2024**

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धान्तिक/व्यावहारिक परीक्षा, 2024**

विज्ञप्ति संख्या – 62/2023

**परीक्षा प्रारम्भ की तिथि : 06.02.2024**

| Date & Days | माध्यमिक/Secondary<br>1st Sitting<br>9.45 A.M. – 1.05 P.M. | | इंटरमीडिएट/Intermediate<br>2nd Sitting<br>2.00 P.M. – 5.20 P.M. | |
|---|---|---|---|---|
| | O.M.R. Sheet<br>9.45 A.M. to 11.20 A.M. | Question-Answer Booklet<br>11.25 A.M. to 1.05 P.M. | O.M.R. Sheet<br>2.00 P.M. to 3.35 P.M. | Answer Book<br>3.40 P.M. to 5.20 P.M. |
| 06.02.2024<br>Tuesday | IIT & Other Vocational subjects<br>(**O.M.R. Sheet** - 9.45 A.M. to 11.00 A.M. & **Question-Answer Booklet**- 11.05 A.M. to 12.35 P.M.) | | Vocational Subjects | - I.A., I.Sc. & I. Com. |
| 07.02.2024<br>Wednesday | Commerce/Home Science<br>वाणिज्य/गृह विज्ञान | | Compulsory Core Language<br>Hindi 'A' , Hindi 'B' + Matribhasha & English 'A' | - I.A. |
| 08.02.2024<br>Thursday | Kharia/Khortha/Kurmali/Nagpuri/Panch Pargania<br>खड़िया/खोरठा/कुरमाली/नागपुरी/पंच परगनिया | | Compulsory Core Language<br>Hindi 'A' , Hindi 'B' + Matribhasha & English 'A'<br>Music | - I.Sc. & I. Com.<br><br>- I.A. |
| 09.02.2024<br>Friday | Arabic/Persian/Ho/Mundari/Santhali/Oraon<br>अरबी/फारसी/हो/मुण्डारी/संथाली/उरांव | | Elective Language (Compulsory)<br>Additional Language | - I.A.<br>- I.Sc. & I.Com. |
| 10.02.2024<br>Saturday | Urdu/Bengali/Oriya<br>उर्दू/बंगला/उड़िया | | Economics<br>Anthropology | - I.Sc. & I.Com.<br>- I.A. |
| 12.02.2024<br>Monday | Social Science<br>सामाजिक विज्ञान | | Geography<br>Computer Science | - I.A.<br>- I.Sc. & I.Com. |
| 13.02.2024<br>Tuesday | Music<br>संगीत | | History | - I.A. |
| 16.02.2024<br>Friday | Mathematics<br>गणित | | Physics<br>Accountancy | - I.Sc.<br>- I.Com. |
| 17.02.2024<br>Saturday | .......................................... | | Economics | - I.A. |
| 19.02.2024<br>Monday | Hindi (Course A & Course B)<br>हिन्दी "ए" और हिन्दी "बी" | | Biology (Botany+Zoology)<br>Business Mathematics<br>Sociology | - I.Sc.<br>- I.Com.<br>- I.A. |
| 20.02.2024<br>Tuesday | .......................................... | | Geology<br>Business Studies<br>Psychology | - I.Sc.<br>- I.Com.<br>- I.A. |
| 21.02.2024<br>Wednesday | Science<br>विज्ञान | | Mathematics/Statistics | - I.A., I.Sc. & I. Com. |
| 22.02.2024<br>Thursday | .......................................... | | Philosophy | - I.A. |
| 23.02.2024<br>Friday | Sanskrit<br>संस्कृत | | Chemistry<br>Entrepreneurship<br>Home Science | - I.Sc.<br>- I.Com.<br>- I.A. |
| 26.02.2024<br>Monday | English<br>अंग्रेजी | | Political Science | - I.A. |

इंटरमीडिएट स्तर के गैर–भाषायी विषयों की परीक्षा में देवनागरी/रोमन/बंगला/उर्दू/उड़िया **(Hindi/English/Bangla/Urdu/Oriya)** लिपि में लिखी गई उत्तरपुस्तिकायें ही मान्य होगी। **HNB – MB** के छात्र/छात्राओं द्वारा दो अलग–अलग सादी **OMR Answer sheet**/उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा। उक्त दोनों उत्तरपुस्तिका की क्रम संख्या उपस्थिति पत्रक में भी दर्ज करना अनिवार्य होगा। **Biology** विषय के लिए एक–ही **OMR Answer sheet**/उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा।

**आवश्यक निर्देश**

परीक्षार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रश्न पत्र अवलोकन हेतु कुल 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 का आयोजन ओ0एम0आर0 शीट एवं उत्तरपुस्तिका (दोनों) के माध्यम से किया जाना है। माध्यमिक परीक्षा के लिए ओ0एम0आर0 शीट आधारित परीक्षा का समय 9:45 A.M. से 11:20 A.M. तक होगा तथा प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा 11:25 A.M. से 1:05 P.M. तक ली जाएगी। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए ओ0एम0आर0 शीट आधारित परीक्षा का समय 2:00 P.M. से 3:35 P.M. तक होगा तथा उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा 3:40 P.M. से 5:20 P.M. तक ली जाएगी।

(माध्यमिक परीक्षा **दिनांक 06.02.2024 से 26.02.2024 तक प्रथम पाली** में एवं इंटरमीडिएट परीक्षा **दिनांक 06.02.2024 से 26.02.2024 तक द्वितीय पाली में** होगी।)

(1) माध्यमिक परीक्षा, 2024 के प्रवेश पत्र **दिनांक 25.01.2024** से एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के प्रवेश पत्र **दिनांक 25.01.2024** से परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac के माध्यम से विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा डाउनलोड किए जायेंगे। Download किये गये प्रवेश पत्र को संबंधित परीक्षार्थी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। **माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा** के लिए उपस्थिति पत्रक, रोलशीट एवं परीक्षा संबंधित अन्य प्रपत्रों का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से दिनांक **01.02.2024 से** किए जायेंगे। विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानों एवं केन्द्राधीक्षकों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा अधिकृत दूत के द्वारा उक्त सामग्री निर्धारित स्थान से प्राप्त कर लेंगे।

(2) माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा दिनांक **28.02.2024 से 11.03.2024** तक संबंधित विद्यालय के द्वारा ली जायेगी। विद्यालय प्रधानों से अनुरोध है कि अपने विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षा का प्रश्न पत्र संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से विशेष दूत के द्वारा निश्चित रुप से दिनांक **24.02.2024 से 27.02.2024** तक प्राप्त कर लेंगे। छात्र/छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था संबंधित विद्यालयों द्वारा करायी जायेगी।

(3) इंटरमीडिएट विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि **28.02.2024 से 11.03.2024** तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। परिषद् से प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित सामग्री प्राप्त करने की तिथि **24.02.2024 से 27.02.2024** तक रहेगी।

(4) माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण विद्यालय/महाविद्यालय परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in/jac के माध्यम से ऑनलाइन करेंगे। इस हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

**प्रायोगिक परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण हेतु निर्धारित कार्यक्रम**

- माध्यमिक परीक्षा के लिए – दिनांक 29.02.2024 से 12.03.2024 तक।
- इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए – दिनांक 29.02.2024 से 12.03.2024 तक।

सभी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट पर दिए गए दिशा–निर्देश के आलोक में संबंधित छात्र–छात्राओं के प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के विषयवार अंकों का ऑनलाइन संधारण करना सुनिश्चित किया जाय। संधारित किये गये Consolidated list की एक प्रति विद्यालय प्रधान अपने पास सुरक्षित रखेंगे एवं एक प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। ऑनलाइन प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान जिम्मेवार होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी उक्त Consolidated list की प्रति परिषद् कार्यालय को आवश्यक रुप से हस्तगत कराने का कष्ट करेंगे।

नोट :– (1) **डाक/कुरियर द्वारा प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित भेजा गया कोई भी प्रपत्र या कागजात स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

(2) **यदि परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होंगे तो उन्हें इस अवधि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु कोई भी अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा एवं उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।**

(3) **प्रायोगिक परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि ससमय किया जाना आवश्यक होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त अंकों की स्वीकृति दी जायेगी। ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि नहीं किए जाने के कारण संबंधित छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल प्रभावित होगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान की होगी।**

अध्यक्ष के आदेश से,

JAC/रा०/3895/23-Secy/920/23
Dt. — 17.11.23
D.O.P. — 18.11.23

17/11/2023
सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

ज्ञापांक : JAC/रा०/3895/23-Secy/920/23 दिनांक : 17.11.23

विज्ञप्ति प्रेषित : मे० आर० डी० एस० मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाईजिंग ग्रुप, राँची को इस निर्देश के साथ कि संलग्न विज्ञप्ति को (1) प्रभात खबर झारखण्ड, (2) दैनिक भास्कर झारखण्ड, (3) दैनिक जागरण झारखण्ड एवं (4) हिन्दुस्तान झारखण्ड के आगामी दिनांक 18.11.2023 के संस्करण में न्यूनतम साईज में प्रकाशन सुनिश्चित करें। विज्ञप्ति प्रकाशनोपरान्त देयक की दो प्रतियाँ निर्धारित डी०ए०भी०पी० दर पर परिषद् कार्यालय में भेज दें।

17/11/23

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।